Q: How does extreme heat disproportionately affect marginalized communities, and what are some tools planners have to make urban heat resilience more equitable?

A: Several studies have established that historic discriminatory land use and financial practices such as redlining (a discriminatory practice whereby banks refused loans to people from certain ethnic backgrounds or neighbourhoods), have resulted in neighbourhoods that to this day are hotter by as much as 12.6 degrees Fahrenheit based on land surface temperatures compared to non-redlined neighbourhoods. Systemic inequities also increase heat risk such as quality of homes, access and reliability of energy for indoor cooling, access to health care and thermally safe workplaces and schools.

Although we make many recommendations in our report on how to plan equitably for urban heat, two primary considerations for planners are to focus on inclusive public participation to ensure all community voices are heard and to target heat mitigation investments in the areas that have highest heat risk, such as formerly redlined neighbourhoods.

Q: These recommendations are for planners, but what can the average person do for themselves or their communities to help manage and mitigate extreme heat?

A: Everyone can prepare beforehand for heat and be more familiar with the signs of heat-related illness. During hot periods we should limit our daytime outdoor activities, stay hydrated, keep pets inside and check on family, friends and neighbours who may be at high risk.

Homeowners can choose drought-tolerant trees and use water harvesting in their yard, weatherize their homes through insulating walls, roofs and weather-stripping doors and windows; select energy efficient appliances and air conditioning when upgrades are necessary.

THE WALL



BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott

ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman

एक के बाद एक तीन फैक्ट्रियों लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

दो हैण्डीक्राफ्ट व एक फाइबर फैक्ट्री में भारी नुकसान हुआ

सरदारशहर, (निसं)। रीको औद्योगिक क्षेत्र में रविवार को शाम एक के बाद एक तीन फैक्ट्रियों में आग लग गई जिसके कारण लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सबसे पहले नन्दू जांगिड़ की हैण्डीक्राफ्ट फैक्ट्री में आग लगी थी। तेज हवा के चलते आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पास में स्थित नन्दू जाला की फैक्ट्री को अपने आगोश में ले लिया।

इसके बाद आग ने संजय सैनी की फाइबर की फैक्ट्री को चपेट में ले लिया। आग को बढते देखकर आसपास की फैक्ट्रियों के मालिक व मजदूरों ने अपना सामान बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थान पर रख लिया। जिसके कारण सामान बच गया। इस दौरान भरतिया की फैक्ट्री आरसीसी में बनी होने के कारण आग फैली नहीं और शीघ्र काबू पा लिया गया।

सूचना मिलते उपखण्ड अधिकारी पवन कुमार, थानाधिकारी बलराजसिंह मान, नगरपालिका अध्यक्ष राजकरण चौधरी, शंकर एण्ड शंकर, प्रहलादराय सर्राफ, बनवारीलाल जांगिड आदि पहुंचकर सरदारशहर के अलावा आसपास के शहरों से दमकल बुलाई। जब तक आग पर काबू पाया गया। तीनों फैक्ट्रियों का सामान जलकर राख हो गया। आग बुझाने के लिए सरदारशहर के अलावा चूरू, रतनगढ आदि शहरों से दमकल पहुंची। इसके साथ कई ट्रेक्टर टेंकर भी आग बुझाने में जुटे हुए थे।

तेज हवा एवं फैक्ट्रियों में रखे केमिकल के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की पलटे देखकर अन्य फैक्ट्रियों के कर्मचारी एवं मजदूरों के अलावा कस्बे के बडी संख्या में लोग जो हाथ में आया आग बुझाने व सामान निकालने में जुट गए। आसपास की कई फैक्ट्रियों का सामान निकाल कर सुरक्षित स्थान पर रखा दिया गया। नही तो बडा हादसा हो जाता। इस अग्निकांड में दो हैण्डीक्राफ्ट व एक फाइबर फैक्ट्री में भारी नुकसान हुआ है। आसपास की फैक्ट्रियों में सामान निकालते वक्त नुकसान हुआ है।

रीको इण्ड्रटीज में लगी आग से निकलता धुआं व मौके पर उपस्थित अधिकारी।

- आग बुझाने सरदारशहर के अलावा चूरू, रतनगढ़ आदि शहरों से दमकल पहुंची

आग की पलटे देखकर कर पूरे औद्योगिक क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई तथा आग से बचने के लिए व्यवस्था में जुट गए। करीब तीन घण्टे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। समाचार लिखे जाने पर धुआं निकल रहा था एवं आग सुलग रही थी। वर्तमान में फर्नीचर में मंदी का दौर चलने के कारण इन फैक्ट्रियों में फर्नीचर का स्टॉक अधिक था। जो जलकर राख हो गया। जिसके कारण लाखों रूपयों का नुकसान हो गया। आग के कारणों का पता नहीं लग पाया है।

बीज विक्रेता पर कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

जोधपुरा गांव में खेतों में बीज अंकुरित नहीं हुए

खेत में बैठा किसान का पीड़ित परिवार।

टोडाभीम, (निसं)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मातासूला के गांव जोधपुरा में अच्छी बारिश होने के बाद किसानों ने खेतों में फसल बुवाई का कार्य भी शुरू कर दिया है। इसी को लेकर राज्य सरकार ने अधिकारियों को भी क्षेत्र की खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण करने के भी निर्देश दे रखे हैं। लेकिन सख्ती के बाद भी खाद बीज संचालक नकली बीज बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं। कृषधि के निरीक्षण करने के दावे खोखले साबित हो रहे है। नकली बीज बेचने का मामला क्षेत्र के गांव जोधपुरा में सामने आया हैं। ग्रामीणों ने जानकारी पर बताया कि 50 रुपये सस्ते के लालच में ग्रामीण मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र के सिकराय से ओम खाद बीज भंडार की दुकान से बाजरे के बीज की सौ थैलियां खरीदकर लाये थे। बारिश के बाद जोधपुरा के सैकड़ों की किसानों ने ओम खाद बीज भंडार से प्रो एग्रो हाइब्रिड बाजरे का बीज खरीदा था। लेकिन बाजरे के बीज की खेतों में बुवाई करने के कई दिन बाद भी वो अंकुरित नहीं होने से किसानों में रोष व्याप्त है।

- किसानों ने नकली बीज देने का लगाया आरोप

टोडाभीम एसडीएम से मिले ग्रामीण:- जोधपुरा के ग्रामीणों के द्वारा नकली बीज बेचने की शिकायत एसडीएम दुर्गाप्रसाद मीना से की गई ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम दुर्गाप्रसाद मीना ने कहा कि मामला दौसा जिले का इसमें हम कार्यवाही के लिये कृषि अधिकारियों को लिखेंगे। ग्रामीणों ने जानकारी और बताया कि ऊक्त मामले की प्राथमिकी दर्ज करवाने के लिए ग्रामीण टोडाभीम थाने में गये तो थानाधिकारी ने मामला दौसा जिले क्षेत्र का बताकर ग्रामीणों को चादुसा गाव के थाना क्षेत्र में मामला दर्ज करवाने की बात कही गई।

जिला कृषि अधिकारी ने जानकारी पर बताया कि सिकराय के चांदूसा गांव में संचालित ओम खाद बीज भंडार की दुकान से बाजरे के बीज के सैम्पल ले लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि दुकान से लिये गए सैम्पलों को जांच के लिए भिजवा दिया गया हैं जांच के बाद ही कोई कार्यवाही की जावेगी।

इस दौरान किसानों ने कृषि पर्यवेक्षक राजेन्द्र कुमार मीना को इसकी जानकारी दी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तो उन्हे खेतों में 5 से 10 फीसदी बीज ही अंकुरित पाया गया। वहीं ग्रामीण की।मांग पर ऊक्त दुकानदार के सैम्पल लेने की कार्यवाही जिले के अधिकारियों के माध्यम से दौसा के कृषि अधिकारियों के द्वारा करवाई गई हैं। कृषि पर्यवेक्षक राजेन्द्र कुमार मीना ने बताया कि विभाग द्वारा किसानों की सूची बना ली गई हैं यदि जांच में बीज खराब पाया गया तो पीड़ित किसानों को मुआवजा मिल जाएगा।

युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या की

- पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा

राजसमंद, (निसं)। जिले के कांकरोली थाना क्षेत्र के मोही ग्राम में शनिवार दोपहर भील समाज के एक युवक ने पेड पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोही सालर माला निवासी रोशन लाल (19) पुत्र किशनलाल भील ने अज्ञात कारणों के चलते शनिवार को कस्बे के करणी सागर बांध के पास खेत में एक पेड पर फांदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर मोही उपसरपंच दिग्विजय सिंह भाटी कुछ ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां रोशनलाल का शव पेड पर लटका हुआ मिला। इस पर तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना पर मौके पर पहुंची कांकरोली थाना पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से मृतक के शव को पेड से उतारकर आरके चिकित्सालय के मुर्दाघर में रखवाया। जहां रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बताया गया कि मृतक रोशनलाल भील ट्रैक्टर चलाने का कार्य करता था। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया गया है। पुलिस ने मर्ग में मामला दर्ज कर छानबीन प्रारंभ कर दी है।

कार पुलिया से नीचे गिरी, चालक घायल

उदयपुर, (कासं)। शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में अनियंत्रित कार पुलिया से निचे जा गिरी। हादसे में चालक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को आरके सर्कल से पुलारोड़ पर स्थित पुलिया से गुजरते समय अनियंत्रित कार पुलिया से निचे जा गिरी। हादसे की सूचना मिलने पर चेतक पर तैनात गोपाल ने मौके पर पहुंच कर घायल चालक राजमसन्द निवासी शिवशंकर पुत्र गोकुलराम को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। चालक फतहपुरा से पुला की तरफ जा रहा था। जहां निर्माणाधीन पुलिया पर बीच रास्ते रैलिंग नहीं होने से कार नीचे जा गिरी।

अस्पताल में होम गार्ड की मौत के बाद परिजनों का हंगामा

जोधपुर, (कासं)। शहर के माता का थान क्षेत्र में एक होम गार्ड के पेट में दर्द की शिकायत पर गलत इलाज से जान चली गई। परिजनों ने हालत बिगडते ही थाने में शिकायत दर्ज की थी। इस पर पुलिस ने जांच कमेटी बिठाकर मामला दर्ज करने की बात कही। जांच कमेठी गठित होती उससे पहले ही होम गार्ड की मौत हो गई। महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में होम गार्ड के शव को रखवाया गया। वहां परिजन एकत्र होकर विरोध किया। लखारा समाज के लोग व परिजनों ने जांच की मांग करते हुए शव लेने से इंकार किया। लखारा समाज के नेता अनिल लखारा ने बताया कि जब तक पूरी जांच नहीं हो जाती तब तक शव नहीं उठाएंगे। मौके पर थानाधिकारी निशा भटनागर पहुंची और जांच का आश्वासन दिया।

मृतक के पिता सम्पत राज ने बताया कि उसके 32 वर्षीय पुत्र जितेन्द्र को 23 तारीख को पेट दर्द की शिकायत पर मदेरणा कॉलोनी में स्थित एक क्लीनिक पर गया। काफी देर होने पर वापस नहीं लौटा तो उसकी मां क्लीनिक पहुंची। वहां जितेन्द्र बेहोश था। क्लीनिक के डॉ ए एम अंसारी को पूछने पर पहले वह घबरा गए फिर बताया कि इंजेक्शन रिएक्शन कर गया है। पुलिस क्लिनिक संचालक के खिलाफ जांच कर रही है।

नकबजनी का आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। सूने मकान का ताला तोड़ नकबजनी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 10 जून को पीड़िता इन्द्रा कॉलोनीकच्ची बस्ती चुंगीनाका गोवर्धन विलास निवासी कुसुमलता पत्नी रामसिंह ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 9 जून रात में अज्ञात चोरमेरे मकान का ताला तोड़ कर सोने चांदीके जेवरात चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अशोक मीणा, पुलिस उप अधीक्षक जितेन्द्रसिंह के सुपरविजन में गोवर्धन विलास थानाधिकारी चेलसिंह, एएसआई भगवतीलाल, हेडकांस्टेबल गणेशसिंह, कांस्टेबल कल्याणसिंह, हरीसिंह मय टीम ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर विनोद उर्फ बाका को गिरफ्तार किया।

सिंचाई पानी के लिए किसानों ने डाला महापड़ाव, थर्मल प्लांट का घेराव

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले में पानी की मांग पर किसानों ने सूरतगढ थर्मल पावर प्लांट का घेराव कर लिया है। हजारों किसान प्लांट के चारों तरफ जुट गए हैं। सैकड़ों ट्रैक्टरों में हजारों किसान यहां जुटे हुए हैं। इलाके के किसान लम्बे समय से सिंचाई के पानी की मांग कर रहे हैं। इसी को लेकर थर्मल प्लांट का घेराव किया गया। बड़ी संख्या में किसानों ने थर्मल के गेट पर सभा की। इस दौरान महिलाएं भी मौजूद रही। आसपास के गांवों से बड़ी तादाद में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों और गाड़ियों में भरकर थर्मल गेट पर पहुंचे।

किसानों के थर्मल घेराव के ऐलान के बाद पुलिस और स्थानीय प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद है। कार्यपालक मजिस्ट्रेट सूरतगढ़ तहसीलदार हाबूलाल मीणा और सूरतगढ़ डीएसपी शिवरतन गोदारा, डीएसपी विक्की नागपाल स्थिति पर नजर बनाये हुए थे। माइनर निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों से दोपहर 2 बजे प्रशासन ने वार्ता की पेशकश की। जिसे किसान नेताओं ने ठुकरा दिया।

इसके बाद किसान नेताओं ने जिला कलेक्टर से वार्ता करने की मांग रखी। इस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला कलेक्टर से वर्चुअल बैठक की बात कही। लेकिन किसान नेता धरनास्थल पर ही वार्तो की मांग दोहराते रहे। इससे पहले आज की बैठक को भाजपा के पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया, किसान मजदूर संघर्ष समिति के रणजीत सिंह राजू, सन्तबीर सिंह मोहनपुरा, ओम राजपुरोहित, मोहन पूनिया, राकेश बिश्नोई, रामू छिम्पा, कॉमरेड लक्ष्मण शर्मा, नरेन्द्र घिंटाला और अन्य ने संबोधित किया। वक्ताओं ने राज्य सरकार पर पूर्व में हुए समझौते के उल्लघंन के आरोप लगाए।

एटा-सिंगरासर माइनर निर्माण आंदोलन के दौरान शाम को किसान वार्ता की संभावना न होते देख थर्मल के घेराव के लिए नारेबाजी करते हुए सभा स्थल से रवाना हुए। प्लांट के दो नंबर गेट पर जमकर प्रदर्शन के बाद पुलिस अधिकारियों शिवरतन गोदारा, विक्की नागपाल, रामकुमार लेघा, पवन चौधरी के द्वारा काफी देर तक समझाइश के प्रयासों के बाद किसान सभा स्थल वापस लौट आये। इससे प्रशासन को कुछ राहत महसूस हुई। लेकिन इसके बाद किसानों ने सभा स्थल से अनिश्चितकालीन धरने की घोषणा कर दी। प्रशासन को जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर अल्टीमेटम भी दे दिया कि 2 जुलाई को प्लांट की कोल लाइन पर कब्जा करेंगे। यह घोषणा संघर्ष समिति के संयोजक राकेश बिश्नोई ने की।

गौरतलब है कि सूरतगढ़ थर्मल की कुल 8 इकाई हैं। जिनसे कुल 2820 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। थर्मल से बिजली उत्पादन में रोजाना 35000 टन कोयले की आवश्यकता होती है। यदि किसानों द्वारा रेल की पटरी को जाम किया जाता है, तो थर्मल में कोयले की सप्लाई प्रभावित होगी जिससे पूरे राजस्थान में बिजली संकट छा सकता है।

छह के खिलाफ मामला दर्ज

सरदारशहर, (निसं)। पुलिस थाने में छह जनों के खिलाफ होटल में फायरिंग करने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वार्ड 31 निवासी असलम खान ने रिपोर्ट दी कि मदीना कॉलोनी के पास मेगा हाइवे पर उसका होटल है। होटल में उसका भतीजा शाहरूख व असलम बैठता है तथा 4-5 कर्मचारी भी काम करते है। शनिवार को रात वह होटल में था। करीब साढे 11 बजे दो व्यक्ति आए और खाने का ऑडर देकर चले गए। इसके बाद दो गाडिया आई। जिसमें 7-8 युव्काा थे। जो होटल में आकर बैठ गए और शराब पीने लगे। शाहरूक ने मना किया तो मारपीट करने लगे। उन्होंने बीच बचाव किया। तो वे बाहर चले गए। उनमें दो लडकों को पकड कर बैठा लिया। दोनों ने माफी मांगने पर छोड दिया। इसके 15-20 मिनट बाद बोलेरों में सवार होकर जयवीरसिंह, अभिषेक, छैलूसिंह, रवि, मानसिंह, सुरेश जाट आए और जान से मारने की नियत से 3-4 फायर किए। वे इधर उधर भाग कर जान बचाई।

वन भूमि से जबरन सड़क निकालने पर मामला दर्ज

- वन क्षेत्र में अवाछित गतिविधियों के बढ़ रहे मामले

बामनवास, (निसं)। उपखंड स्थित वन क्षेत्र में अवांछित गतिविधियों एवं अवैध खनन सहित वन कर्मियों द्वारा रोकने के प्रयास के बाद उन पर होने वाले हमले एवं मुंहजोरी के मामले बढ़ ते नजर आ रहे हैं। अब अगर वन विभाग अवैध खनन या फिर होने क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों को रोकने का प्रयास करता है तो उन पर सामूहिक जानलेवा हमला सहित सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से भी ग्रामीण परहेज नहीं कर रहे हैं। ग्राम पंचायत डूंगरवाडा के गांव गोठ सीकरोड़ी में वन विभाग की भूमि में होकर जबरन सड़क निकालने पर जिला परिषद सदस्य के पति सहित करीब 5 जनों के खिलाफ वन विभाग द्वारा पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है। वन विभाग के रेंजर दीपक शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को ग्राम गोठ सीकरोड़ी में पहाड़ काटकर वन विभाग की भूमि में होकर जिला परिषद सदस्य पति प्यारेलाल मीणा व उनके समर्थकों द्वारा जबरन सड़क निकाली जा रही थी। इस कार्य के लिए उनके द्वारा एक एलएनटी मशीन का उपयोग किया जा रहा था। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

टीम द्वारा मौके पर एलएनटी एवं दस चक्का ट्रेलर को जब्त कर लिया गया। लेकिन मौके पर उनके समर्थकों द्वारा वन विभाग के कर्मचारियों से अभद्रता एवं छीना झपटी कर एलएनटी एवं ट्रेलर को छुड़ा लिया गया। जिस पर राजस्थान वन अधिनियम की धारा के तहत वन विभाग द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं शनिवार को इस संबंध में बामनवास पुलिस थाने में जिला परिषद सदस्य पति प्यारेलाल मीणा सहित करीब चार-पांच जनों के खिलाफ राजकार्य में बाधा पहुंचाने चोरी एवं सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज कराया गया है।

पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज

वैर, (निसं)। पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर पुलिस थाना वैर में पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जिसमें एक महिला ने सहायक अभियंता पर गरीब महिला को जान से मारने की धमकी देने, जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाया है।

पुलिस थाना वैर इलाके के एक गांव की दलित महिला ने पी डब्लू डी सहायक अभियन्ता वैर गोविंद पुत्र गणेश निवासी जगजीवनपुर द्वारा दलित गरीब महिला की जान से धमकी देने, नाजायज रूप से परेशान किए जाने पर पुलिस महानिरीक्षक से एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। जिस पर पुलिस थाना वैर में मामला दर्ज कराया गया है। रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया है कि सहायक अभियंता गोविंद पुत्र गणेश निवासी जगजीवनपुर पीडब्ल्यूडी द्वारा नाजायज रूप से परेशान किया जा रहा है उसे सहायक अभियंता द्वारा कहा जाता है कि इस आबादी में स्थित उसके मकान में हो करके रास्ता निकलेगा जबकि उक्त मकान करीब 20 वर्ष पूर्व से निर्मित है जिसमें इंदिरा आवास के द्वारा पीड़िता के पिताजी को आर्थिक सहायता मिली थी। विभाग द्वारा पूर्ण जांच कराने के उपरांत उक्त आर्थिक सहायता मिली थी जिसके द्वारा पिताजी ने उस मकान को निर्मित करवाया था मकान में प्रार्थी अपने परिवार सहित निवास कर रही है। 7 जून 2022 को समय दोपहर ढाई बजे सहायक अभियंता आया और मकान पर आकर के फीता लगाने लगा। मना करने तो गाली गलौज पर उतर आया और पीड़िता के साथ मारपीट कर दी।

बालों को पकड़कर खींच लिया और उसे बे अदब कर दिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर बचाने आए अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की और धमकी दी।पीड़िता का रिपोर्ट में कहना है की उसका पति जयपुर में मजदूरी का कार्य करता है। और वह अपने बच्चे सहित अपने गांव में निवास कर जीवन यापन कर रही है। पीड़िता पुलिस थाना वैर में मामला दर्ज कराने आई तो पीड़िता की कोई सुनवाई नहीं की और कहा कि उच्च अधिकारियों से आदेश लाकर देने की बात कही की हम इसमें कुछ नहीं कर सकते मामला गंभीर है। तब पीड़िता ने पुलिस महानिरीक्षक से जानमाल की रक्षा करने के साथ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही करने तथा पीड़िता का मेडिकल करवाने की मांग की। जिस पर पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर पुलिस थाना वैर में मामला दर्ज किया है।

संप्रेषण एवं किशोर गृह से दो बाल अपचारी फरार

करौली, (निसं)। करौली बाल सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह मे अधिकारियो की लापरवाही और लचर सुरक्षा व्यवस्था के चलते दो बाल अपचारी फरार हो गये जिसका कोतवाली थाने पर मामला दर्ज कराया गया है।

जिला मुख्यालय पर स्थित संप्रेषण एवं किशोर गृह में सुरक्षा व्यवस्था के अभाव के चलते 6 माह के अंतराल मे एक बार फिर दो बाल अपचारी फरार हुए। इससे पूर्व 26 जनवरी 2022 को इसी संप्रेषण गृह से दो बाल अपचारी फरार हो चुके है। यही नहीं वर्ष 2021 में भी बाल अपचारी फरार हुए। देखने लायक यह है कि सुरक्षा प्रबंधन के अभाव के चलते बाल अपचारीयों का फरार होने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ना ही संप्रेषण एवं किशोर गृह प्रशासन गंभीरता से सुरक्षा के कड़े प्रबंध कर पा रहा है। जानकारी के अनुसार शनिवार रविवार की मध्य रात्रि को दो बाल अपचारी संप्रेषण गृह भवन के ऊपर से कूद कर फरार हो गए। जिन की सूचना संप्रेषण गृह में रह रहे बाल अपचारीयों ने ड्यूटी पर तैनात गार्ड, कर्मचारियों को सूचना दी। सूचना पाकर गार्ड, कर्मचारियों ने संप्रेषण गृह के अधीक्षण केके सांखला को सूचना दी। सूचना पाकर अधिकारी मौके पर पहुंचे और बाल अपचारीयों के भागने की पूरी जानकारी ली जानकारी के बाद अधीक्षक ने कोतवाली पर बाल अपचारीयो के भागने का मुकदमा दर्ज कराया।

एसडीआरएफ की टीम ने पुष्कर झील में डूबे अधेड़ के शव को बाहर निकाला

40 मिनट की कड़ी मेहनत एवं अथक प्रयासों से सफलता मिली

अजमेर, (निसं)। एसडीआरएफ राजस्थान सेनानायक पंकज चौधरी को पुलिस अधीक्षक जिला अजमेर विकास शर्मा से जरिये टेलिफोन सूचना मिली कि पुलिस थाना पुष्कर जिला अजमेर के अन्तर्गत शनिवार रात्रि 7.30 बजे 58 वर्षीय अधेड व्यक्ति के पुष्कर झील में डूबने की सूचना है। जिसकी तलाष सिविल डिफेंस टीम तथा स्थानीय गोताखोरों से लगातार करवायी जा रही है किन्तु व्यक्ति का शव अब तक बरामद नहीं हुआ है, अत: रेस्क्यू टीम अविलम्ब घटनास्थल पर भिजवाये।

सूचना पर एसडीआरएफ राजस्थान सेनानायक पंकज चौधरी ने एसडीआरएफ कन्ट्रोल रूम जयपुर को निर्देष दिये कि ई कम्पनी एसडीआरएफ अजमेर से एक रेस्क्यू टीम आवश्यक राहत उपकरणों के साथ अविलम्ब घटनास्थल पर भिजवाये। एसडीआरएफ कन्ट्रोल रूम जयपुर ने ई कम्पनी एसडीआरएफ अजमेर के प्रभारी कम्पनी कमांडर करणी सिंह को अविलम्ब एक रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर भिजवाने हेतु बताया। कम्पनी प्रभारी ने रेस्क्यू टीम ई-3 के प्रभारी हैड कानि. राजेष कुमार के नेतृत्व में 11 जवानों की एक रेस्क्यू टीम को आवष्यक राहत उपकरणों के साथ रात्रि 9:45 बजे घटनास्थल के लिए रवाना किया। टीम द्वारा रात्रि10:49 बजे घटनास्थल पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया गया तथा टीम कमाण्डर ने एसडीआरएफ कमाण्डेन्ट को बताया कि घटनास्थल अजमेर जिले की पुष्कर झील है।



अधेड़ के शव को झील से बाहर लाती एसडीआरएफ की टीम।

सांय करीब 7:10बजे एक अधेड उम्र के व्यक्ति ने पुष्कर झील में कूद आत्महत्या कर ली है। नगर निगम के गोताखोरों एवं सिविल डिफेंस की रेस्क्यू टीम द्वारा काफी प्रयास किये जा रहे है लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिल पायी है। घटनास्थल पर झील की गहराई करीब 20 फीट है। एसडीआरएफ राजस्थान सेनानायक ने टीम कमाण्डर को आवश्यक दिषा-निर्देश दिये एवं गणपति महावर डिप्टी कमाण्डेन्ट, प्रियंका वैष्णव सहायक कमाण्डेन्ट तथा करणी सिंह कम्पनी कमाण्डर को ऑपरेशन के निकटम सुपरवीजन हेतु नियुक्त किया।

टीम कमाण्डर के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम के जवानों षिवराज, रामचरण, सोहनलाल, फूलचन्द टाण्डी, किषनलाल, कैलाष, नारायण सैन, रामअवतार, सुरेष कुमार तथा दषरथ ने रात्रि 10:55 बजे रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले टीम ने झील के भराव क्षेत्र में लाईन एवं जीक जैक सर्च तकनीक से गोता लगाकर सर्च किया, उसके बाद बांस, लाईफ बॉय तथा रेस्क्यू रोप की सहायता सर्च ऑपरेशन चलाया गया। 40 मिनट की कडी मेहनत एवं अथक प्रयासों से रात्रि11:35 बजे पुश्कर झील में डूबे राजेश ओझा उर्फ राजू पुत्र पुरूशोत्तम ओझा 58 वर्ष निवासी नसीराबाद हाल निवासी वैशाली नगर, अजमेर के षव को बाहर निकालकर स्थानीय प्रषासन को सुपुर्द किया। घटना स्थल पर मौजूद उपनिरीक्षक श्रवण कुमार मय पुलिस जाप्ता ने रेस्क्यू कार्य की सराहना की। स्थानीय पुलिस तथा प्रशासन ने भी राहत महसूस की और टीम को धन्यवाद दिया।

सिंचाई एवं पेयजल के लिये अनुपयोगी साबित हो रहा राजधानी का दूसरा सबसे बड़ा बांध

सिंचाई के लिए बनी नहरों में पानी न छोड़े जाने से नहरों के आसपास गांवों में सिंचाई लुप्त होने के कगार पर है

बस्सी, (निसं)। राजधानी जयपुर के निकट रामगढ़ बांध के बाद दूसरे सबसे बड़े कानोता बांध को जिस उद्देश्य के लिए बनाया गया था आज वह उद्देश्य पूरी तरह मर चुका है।

वर्ष 2000 में 17 फीट गहराई, 2.59 किलोमीटर लंबाई, 402 वर्गमीटर कैचमेंट एरिया में 14.15 एमसीएम भराव क्षमता वाले कानोता बांध का निर्माण आसपास के क्षेत्र में पीने के पानी एवं सिंचाई की आपूर्ति के लिए करवाया गया था लेकिन आज कानोता बांध में भराव क्षमता के मुताबिक पानी तो भरा है लेकिन वह बांध और उसमें भरा पानी जनता के किसी काम नहीं आ रहा सिवाय मछलीपालन एवं मूर्ति विसर्जन के।

कानोता बांध को जिस उद्देश्य के लिए बनाया गया था आज वह उद्देश्य पूरी तरह मर चुका है।

- कानोता बांध के पानी को ढूंढ नदी में छोड़ दिया जाए तो मिल सकता है नया जीवनः बस्सी विधायक लक्ष्मण मीना
- 17 फीट गहराई, 2.59 किमी. लंबाई, 402 वर्गमीटर कैचमेंट एरिया में 14.15 एमसीएम भराव क्षमता वाले इस बांध का निर्माण वर्ष 2000 में हुआ था
- जयपुर शहर के साथ ही जलमहल से आने वाले गंदे एवं कैमिकल युक्त पानी से हर साल हजारों मछलियों के साथ पशु-पक्षियों की भी मौत हो जाती है

इस बांध में पानी की आवक से आसपास का जलस्तर ऊंचा जरूर हुआ है, लेकिन सिंचाई के लिए बनी नहरों में पानी न छोड़े जाने से नहरों के आसपास गांवों में सिंचाई लुप्त होने के कगार पर है। बांध निर्माण के शुरुवाती दिनों में तो इसका उपयोग सिंचाई एवं पीने के पानी के रूप में किया गया लेकिन वर्तमान में यह बांध सिंचाई एवं पीने के पानी के लिए अनुपयोगी साबित हो रहा है। इतना ही नहीं अब तो इस बांध में भरने वाला पानी पशु-पक्षियों एवं मछलियों के लिए मौत का कारण भी बन रहा है। इसका कारण इस बांध में जयपुर शहर के साथ ही जलमहल से आने वाला गंदा एवं कैमिकल युक्त पानी है। इस गंदे एवं कैमिकल युक्त पानी से हर साल हजारों की संख्या में मछलियों के साथ पशु-पक्षियों की भी मौत हो जाती है। जिस उद्देश्य के लिए कानोता बांध का निर्माण करवाया गया था, यदि उस उद्देश्य की पूर्ति के लिए इस बांध का एवं इसमें भरने वाले पानी का उपयोग किया जाए तो इस बांध को भी नया जीवन मिल सकता है।

बस्सी विधायक लक्ष्मण मीना ने भी लोगों की मांग एवं उनके हित में इस संदर्भ में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इसी तरह की मांग की थी। इस पत्र में कहा गया था कि कानोता बांध का पानी नहर के माध्यम से सिंचाई के लिए उपलब्ध करवाया जाए। इसके साथ ही विधायक ने पत्र के माध्यम से आगाह किया कि इस बांध में गंदा पानी न छोड़ा जाए और इसकी मरम्मत भी की जाए। विधायक लक्ष्मण मीना ने बताया कि कानोता बांध की टेरिटरी में दर्जनभर से भी अधिक गांव बसे हुए हैं, जिनमें एक लाख से भी अधिक जनसंख्या निवास करती है। इसमें अधिकांश लोग किसान हैं और खेती पर आश्रित हैं। इनमें सुमेल, विजयपुरा, बगराना, कानोता, रामरतनपुरा, नायला, ड्योडा चौड, कूंथाडा खुर्द, हीरावाला, गीलावाला, दयारामपुरा, रामसर पालावाला, जीतावाला, खोखावाला, रूपा की नांगल जैसे कई गांव शामिल हैं। साथ ही बताया कि यदि कानोता बांध का पानी ढूंढ नदी में छोड़ दिया जाए तो इससे इस नदी को जीवन तो मिलेगा ही, साथ ही यह पानी कानोता-बस्सी क्षेत्र के सांभरिया, बराला, अचलपुरा, सिंडोली, सांख से लेकर कोटखावदा तक की खेती के लिए सिंचाई का जरिया बन सकती है। इसके अलावा यह आसपास के सैकडों कुओं व ट्यूबवैल को भी रीचार्ज कर सकती है।

बीकानेर में पातेय वेतन पर कई चिकित्सकों को बनाया प्रोफेसर

सरकार के आदेशों की स्पष्ट रूप से हो रही अवहेलना

बीकानेर, (कासं)। पातेय वेतन पर पदोन्नति का खेल खेला जा रहा है। पातेय वेतन पर नीचे पद के कर्मचारियों को उच्च पदों पर पदस्थापन किया गया है, जो सरकार के आदेशों की स्पष्ट रूप से अवहेलना है। यह फायदा एक-दो नहीं, बल्कि कॉलेज के करीब 65 कर्मचारियों को मिल रहा है। इन्हें कार्य व्यवस्था (पातेय वेतन) के नाम पर उच्च पदों पर बैठाया हुआ है।

- एसपी मेडिकल कॉलेज में यह फायदा एक-दो नहीं, बल्कि करीब 65 कर्मचारियों को मिल रहा है

एसपी मेडिकल कॉलेज के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने बताया कि नेशनल मेडिकल काउंसिल के निरीक्षण के दौरान मेडिकल छात्रों की संख्या के आधार पर चिकित्सा शिक्षा के पदों को भरना होता है। रिक्त पद होने पर मेडिकल की बढ़ने वाली सीटों के फिर से रद्द होने का खतरा रहता है। ऐसे में एकबारगी कुछ समय के लिए असिस्टेंट को एसोसिसट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर को प्रोफेसर बना देते हैं। यह कार्य व्यवस्था के तहत लगाए जाते हैं। इस तरह पदोन्नत किए कर्मचारी अपने नीचे के पद का वेतन लेकर उच्च पद पर काम करते रहते हैं। यह कार्यव्यवस्था कुछ समय के लिए अस्थायी होती है। परन्तु साल-डेढ़ साल तक ऐसे ही चलता रहता है तो यह नियमानुसार गलत है।

एसपी मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर से पातेय वेतन पर डॉ. बाबूलाल मीणा, डॉ.परवेज समेजा, डॉ. विजय तुंदवाल, रेडियोलॉजी विभाग में डॉ. रिद्धिमा गुप्ता, कैंसर से डॉ. शंकरलाल जाखड़, न्यूरोलॉजी से डॉ. इन्द्रपुरी, डॉ.जगदीश कूकणा, गेस्ट्रोलॉजी से डॉ. सुशील फलोदिया, डॉ. आशीष जोशी, डॉ. विनिता चौधरी, नेफ्रोलॉजी डॉ. जितेन्द्र फलोदिया, हार्ट में डॉ. दिनेश चौधरी, हार्ट हॉस्पिटल मेडिसिन डॉ. देवेन्द्र अग्रवाल, फोरेंसिक मेडिसिन से डॉ. पीके सैनी, डॉ. सुरेंद्र बेनीवाल, डॉ. कमलेश कुमार हर्ष, डॉ. संजीव बुरी, डॉ. अरुण भारती, डॉ. रोहितास कुलहरिया, डॉ. गौरव गुप्ता समेत कई चिकित्सक पातेय वेतन पर पदोन्नत होकर पदस्थापित हैं। फॉरेंसिक मेडिसिन से डॉ. पीके सैनी को पीबीएम अस्पताल के अधीक्षक की कमान सौंपी गई है।

राज्य सरकार के कार्मिक (क-2) विभाग के तत्कालीन प्रमुख शासन सचिव हेमन्त कुमार गेरा ने 26 नवंबर-2021 को पातेय वेतन, कार्य व्यवस्था के आधार पर नियमित वेतन श्रृंखला में पदोन्नति-पदस्थापन नहीं करने के संदर्भ में आदेश जारी किया था। आदेश में स्पष्ट किया था कि कार्यव्यवस्था आधार (पातेय वेतन) पर उच्च पद पर किसी भी कर्मचारी को पदस्थापित नहीं किया जाए। इसके तहत कर्मचारी स्वयं के निचले पद का वेतन प्राप्त करते हुए अन्य उच्च पद पर पदस्थापित किया जाता है। न्यायालय की ओर से समय-समय पर ऐसी नियुक्तियों पर नाराजगी व्यक्त की गई है। इसे सार्वजनिक नियोजन के लिए अनुचित माना गया है। कार्मिक विभाग ने इसकी कठोरता से पालना के लिए पाबंद किया है।

डॉ. मोहम्मद सलीम, प्राचार्य एसपी मेडिकल कॉलेज का कहना है कि पदोन्नति सरकार ही करती है। इसमें स्थानीय कॉलेज प्रशासन की कोई भूमिका नहीं होती है। एसपी मेडिकल कॉलेज के अधीनस्थ करीब 65 कार्मिक पातेय वेतन पर पदोन्नत हैं और कार्य व्यवस्था के तहत पद पर काम कर रहे हैं।

दो बाइकों की भिड़ंत में तीन जनों की मौत

डिग्गी, (निसं)। डिग्गी थाना क्षेत्र के प्रतापपुरा के पास बीती रात दो बाइकों की आपसी भिड़ंत में तीन बाइक सवारों की मौत हो गई। इनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीसरे ने जयपुर में उपचार के दौरान दम तौड़ दिया। दो मृतक रिश्ते में फुफेरे भाई हैं।

घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी मालपुरा राकेश कुमार बैरवा ने घटनास्थल व डिग्गी अस्पताल पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी ली। वहीं डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने रविवार सुबह डिग्गी अस्पताल पहुंचकर डिग्गी अस्पताल में रखे दोनों शवों का पोस्टमाटम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की कार्यवाही शुरू की। डिग्गी थानाधिकारी ने बताया कि शनिवार रात को 9 बजे सूचना मिली कि प्रतापपुरा के पास भीलवाड़ा जयपुर स्टेट हाइवे पर दो बाइकों की आपसी भिड़त हो गई। उसके बाद तुरंत प्रभाव से डिग्गी थाना पुलिस मौके पर पहुंची, जहां लहूलुहान हालत में रोड पर पड़े तीनों बाइक सवारों को अस्पताल लेकर आई। डिग्गी अस्पताल में डिग्गी थाना क्षेत्र के डेचवास निवासी प्रधान जाट व टोंडारायसिंह थाना निवासी मोर कुकड कमल माली को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं भंवर लाल जाट को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर कर दिया। अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

भिड़ंत के बाद बिखरे पड़े मोटरसाइकिलों के अवशेष।

जानकारी के अनुसार मृतक कमल माली जयपुर से अपनी बाइक पर अकेला गांव आ रहा था। इसी दौरान सामने से अपने गांव डेचवास जा रहे प्रधान व रिश्ते में फुफेरे भाई लगने वाले भंवर लाल जाट की बाइक से भिड़ंत हो गई। इसमें प्रधान और कमल माली की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं भंवर लाल जाट की जयपुर पहुंचने के बाद मौत हो गई। मृतक कमल माली जयपुर में रहकर मोटर वाइंडिंग का काम करता था। कमल माली परिवार से मिलने अपने गांव मोर जा रहा था। वही मृतक प्रधान जाट अपने गांव में खेती-बाड़ी का काम करता था। वहीं भंवर लाल जाट भी अपने ही गांव मे खेती बाडी का काम करता था।

पति ने दिया तीन तलाक तो पत्नी ने किया सुसाइड

अलवर, (निसं)। पति ने पत्नी को तीन बार तलाक कहा और घर से निकाल दिया। परेशान होकर महिला ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। मामला शनिवार शाम का अलवर जिले के भिवाड़ी का है। भोंकर गांव निवासी मनीषा (20) की शादी 14 मार्च 2021 को नूंह के सिकरावा गांव निवासी इम्तियाज (23) के साथ हुई थी। चाचा जाहूल खां ने बताया कि मनीषा 6 महीने की थी जब उसके पिता का निधन हो गया, 3 साल की हुई तो मां गुजर गई। तब से मनीषा को पाला। शादी में बुलेट बाइक दी, 1 लाख 61 हजार रुपए कैश दिए थे। फिर भी पति, सास, ससुर मनीषा को दहेज के लिए परेशान करने लगे। मनीषा पर उसका ससुर आसिफ बुरी नजर भी रखता था। वह कई बार उसका हाथ पकड़ चुका था, मनीषा ने इसे लेकर भी शिकायत की थी। पति से कहा तो वह गुस्सा हो गया। पिता के कहने पर ही इम्तियाज ने अपनी पत्नी मनीषा को तीन बार तलाक कहा और घर से निकाल दिया।

मनीषा ने 11 मई 2022 को भिवाड़ी थाने में पति,सास व ससुर के खिलाफ दहेज प्रताडना व तलाक का मामला दर्ज कराया था। दो महीने से मनीषा अपने चाचा के घर रह रही थी। मनीषा की दादी उसके ससुराल नूंह गई थी। ससुराल वालों को समझाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कहा कि तीन तलाक हो गया, अब वे उसे नहीं रखेंगे। शादी में दिया गया सामान वापस ले जाओ। जाहूल ने कहा कि शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, इससे मनीषा डिप्रेशन में थी। शनिवार शाम को उसने जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इम्तियाज नूंह में मेडिकल शॉप पर काम करता है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। तीन तलाक पर 2019 में कानून बन चुका है। तीन बार बोलकर पत्नी को तलाक नहीं किया जा सका।

- मृतका के चाचा ने दहेज के लिए परेशान करने का भी आरोप लगाया
- मृतका ने पूर्व में पति, सास व ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कराया था

जैसलमेर में पर्यटन सीजन का जुलाई से होगा आगाज

जैसलमेर, (निसं)। जैसलमेर में अगले माह जुलाई से पर्यटन सीजन का आगाज होने जा रहा है। टूरिस्ट सीजन के लिए पर्यटन नगरी को सजाने संवारने की कवायद शुरू हो चुकी है।

इस बार पर्यटन सीजन में सैलानियों की अच्छी संख्या की उम्मीद में होटल और रिसोर्ट मालिकों ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। होटल, रिसोर्ट और रेस्तरां सभी में रेनोवेशन का काम शुरू हो गया है लगातार 2 साल से कोरोना की मार झेल चुके पर्यटन से जुड़े लोगों में इस बार अच्छे टूरिस्ट सीजन की उम्मीद है। इसी उम्मीद के चलते वे अपनी-अपनी लोकेशन को और ज्यादा बेहतर बनाने और सैलानियों का ध्यान अपनी तरफ खींचने की पूरी तैयारियों में जुट गए हैं। इस बार कोरोना नहीं होने से सैलानियों की अच्छी एडवांस बुकिंग भी होटल्स में हो रही है।

जैसलमेर में होटल मालिक मानते हैं कि कोरोना काल की दुखद यादें भूल कर हम सब इस साल अच्छे सीजन की आस में हैं और उम्मीद है कि इस बार सीजन अच्छा जाएगा। वे बताते हैं कि कोरोना काल में 2 साल विदेशी सैलानी जैसलमेर नहीं आए जिससे हमें बहुत ज्यादा नुकसान हुआ लेकिन इस बार लगता है विदेशी सैलानी अच्छी खासी तादाद में जैसलमेर आएंगे।

पूर्व मंत्री के बेटे के खिलाफ लूट व मारपीट का मामला दर्ज

अलवर, (निसं)। भाजपा सरकार में मंत्री रहे हेम सिंह भडाना के बेटे सुरेंद्र भडाना के खिलाफ घर में घुसकर लूट व मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। पूर्व मंत्री के बेटे का घर की दीवार कूदने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। हालांकि मंत्री के बेटे ने भी क्रॉस मुकदमा दर्ज करा दिया है, मामला अलवर का है।

परिवादी बुध विहार ए-49 निवासी निहाल सिंह ने मामला दर्ज कराया कि रात करीब साढे 11 बजे सुरेंद्र सिंह 6-7 लोगों के साथ आया। घर की दीवार कूद कर अंदर घुसा। उसके साथ मारपीट की और 1 लाख रुपए-सोने की चेन लूट ले गए। किसी को बताने पर जाने से मारने की धमकी दी। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। निहाल सिंह ने पुलिस को मंत्री के बेटे के रात को घर में दीवार कूदकर घर में घुसने का वीडियो भी बतौर सबूत दिया है।

रविवार रात को ही पूर्व मंत्री के बड़े बेटे धीरेंद्र ने शिवाजी पार्क पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है कि निहाल सिंह रिश्ते में ताऊ का लड़का है। उसने 24 जून की रात को मेरे भाई सुरेंद्र सिंह को खुद के घर पर बुलाया। कहा गेट पर तेरी भाभी ने ताला लगा दिया है। दीवार कूद कर आ जा। सुरेंद्र अंदर गया तो तीन-चार लोग शराब पी रहे थे। उसके पहुंचते ही सुरेंद्र से मारपीट करने लगे। बड़ी मुश्किल से सुरेंद्र वहां से बचकर भागा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि पूर्व मंत्री का कहना है कि यह उनके परिवार का मामला है। शिवाजी पार्क पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों ने रिपोर्ट दी है। सबूतों के आधार पर जांच कर रहे हैं। अभी इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। जल्द जांच कर आवश्यक एक्शन लिया जाएगा।

- मंत्री के बेटे ने भी क्रॉस मुकदमा दर्ज कराया
- मंत्री के बेटे ने घर में घुसकर पीड़ित से की थी मारपीट

अधिकारियों की लापरवाही एवं मिलीभगत के कारण भूमाफियाओं की भेंट चढ़ गई बेशकीमती जमीन

जैसलमेर शहर में जमीन पर लगा भूमाफियाओं का ग्रहण, हुआ फर्जी बेचान

जैसलमेर, (निसं)। जैसलमेर शहर के एसबीआई बैंक के सामने मुख्य सड़क से उत्तर की तरफ ढिब्बा पाड़ा खसरा नंबर 193 स्थित बुर्ज के पास नगर परिषद के कार्यालय से मात्र दो सौ मीटर दूर स्थित नगरपरिषद की बेशकीमती दो हजार वर्गफीट जमीन आखिरकार अधिकारियों की लापरवाही एवं मिलीभगत के कारण भूमाफियाओं की भेंट चढ़ गई तथा भू माफियाओं ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपनी बताते हुए इस सरकारी भूमि का बेचान भी कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एयरफोर्स के पंप हाउस के पास लगती भूमि सालों से खाली पड़ी थी। इस पर भूमाफियाओं की नजर पड़ गई और केहर फ़क़ीर की ढाणी देवीकोट निवासी एक परिवार ने पुश्तैनी जमीन बताकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 11 मई को अपने ही परिवार की सदस्या के नाम मुखत्यार आम तैयार करवा दिया। 18 मई को महिला ने उक्त जमीन को एक और भूमाफिया को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बेच दिया। ज्ञात जानकारी के अनुसार यह भूखंड जिस अजीज खान पुत्र सोढ़ेखान के नाम से बताया गया उनकी मृत्यु 1998 में हो चुकी है। यदि यह भूखंड उनके नाम था तो फिर 24 साल तक उसके वारिसान द्वारा इस भूखंड का नामांतरकरण क्यों नहीं करवाया गया और तो और नगरपरिषद में इस भूखंड की और इस नाम की कोई पत्रावली ही नहीं है।



जैसलमेर शहर में बेशकीमती जमीन का फर्जी बेचान करने का मामला सामने आया।

जानकारी में आया है कि उक्त भूखंड के पास स्थित भूखंड के मालिक भगवानाराम ने वर्ष 2013-14 में इस भूखंड को खांचा भूमि के रूप में उसे आवंटित करने का भी आवेदन किया था। इस पर 7 मई 2014 को तत्कालीन नगरपरिषद अधिकारियों ने इस भूखंड को पूर्ण मानकर नोटशीट में इस भूखंड को स्वतंत्र बनाकर नीलामी करने की टिप्पणी की थी। इस खरीददार ने उक्त भूखंड खरीदा है उसी के भाई ने भी यही भूखंड प्राप्त करने के लिए खांचा भूमि का आवेदन किया था। यदि यह भूखंड नीलाम होता तो नगरपरिषद को करोड़ों रुपये की आय हो सकती थी। मगर अधिकारियों की लापरवाही ओर भूमाफियाओं से मिलीभगत ने इस भूखण्ड पर भूमाफियाओं को कब्जा करने और बेचने की मौन स्वीकृति दे दी। उक्त बेचान नामे में जैसलमेर पंजीयन कार्यालय के उप पंजीयक एवं जैसलमेर के कार्यवाहक तहसीलदार की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है क्योंकि उनके द्वारा भूखंड के टाइटल संबंधी बिना किसी वैध दस्तावेज के ही बेचान नामा स्वीकृत कर दिया जो कि संदेहास्पद है।

उप पंजीयक महेंद्र खत्री ने बताया कि टाइटल संबंधित कार्य नगरपरिषद का है। हमने रजिस्ट्री में इससे संबंधित नोट डाल दिया है। यदि बेचने वालों ने फर्जी बेचान किया है तो ये उनकी जिम्मेदारी है तथा बेचने और खरीदने वालों पर कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए।

- इस बेचान नामे में जैसलमेर पंजीयन कार्यालय के उप पंजीयक एवं जैसलमेर के कार्यवाहक तहसीलदार की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है

सब्जी बेचने वाले से सौ-सौ रुपए के आठ नकली नोट बरामद किए

अलवर, (निसं)। एनईबी थाना पुलिस ने अग्रसेन सर्किल सब्जी मंडी परिसर में नकली नोट चलाने की फिराक में घूम रहे 57 वर्षीय सुरेश शर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 100 -100 रुपए के 8 नकली नोट बरामद किए हैं।

थानाधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि सूचना मिली कि एक व्यक्ति नकली नोट चलाने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी सुरेश पुत्र कुंदन लाल शर्मा निवासी मोती नगर काली मोरी फाटक को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 100-100 रुपए के 8 नकली नोट बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने उक्त नोट एक व्यक्ति से आधी कीमत में खरीदे थे। आरोपी ने बताया कि वह हथठेला पर फेरी लगाकर सब्जी बेचता है।

चार संक्रमित मिले

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले में कोरोना संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को एक महिला सहित चार और लोग पॉजिटिव आए हैं। आरटी पीसीआर प्रभारी डॉ. घनश्याम चावला ने बताया की रविवार को सुवाणा की 47 वर्षीय महिला के साथ ही सांगानेरी गेट का 65 वर्षीय बुजुर्ग, कोटड़ी का 26 वर्षीय युवक, हुरड़ा का 32 वर्षीय युवक कोरोना पॉजिटिव आये हैं। खास बात यह कि इन चारों ने वैक्सीन की पहली और दूसरी डोज लगाई हुई है।

अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

बरोनी पुलिस थाने में जप्त ट्रैक्टर-ट्रॉली।

निवाई, (निसं)। बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है।

बरोनी थानाधिकारी हरिराम ने बताया कि रविवार को मुखबीर से सूचना मिली कि गांव खोडा का खेडा में अवैध बजरी भरकर ट्रैक्टर आ रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो अवैध बजरी भरकर एक ट्रैक्टर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने अवैध बजरी भरी होने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाने लाकर खड़ा करवा दिया। पुलिस ने एमएम आरडी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

संक्षिप्त

निवाई में कांग्रेस का सत्याग्रह आंदोलन आज

निवाई। शहर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को सत्याग्रह आंदोलन किया जाएगा। शहर अध्यक्ष महावीर प्रसाद पराणा ने बताया कि देश के युवाओं की आवाज केन्द्र सरकार तक पहुंचाने तथा अग्निपथ योजना को वापस लेने के उद्देश्य को लेकर सोमवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक गांधी पार्क में सत्याग्रह आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता केन्द्र सरकार के विरोध में विधायक प्रशांत बैरवा के नेतृत्व में महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष गांधी पार्क में शांतिपूर्ण सत्याग्रह करेगें। सत्याग्रह में सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता, पार्षद, सीआर, डी आर, पंच-सरपंच सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

बस्सी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सत्याग्रह आज

बस्सी, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र बस्सी के उपखंड कार्यालय परिसर में सोमवार सुबह 10 बजे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर सत्याग्रह किया जाएगा। पूर्व जिला परिषद सदस्य बेनीप्रसाद कटारिया एवं नवीन सिंह राठौड़ कानोता ने बताया कि केंद्र की तानाशाह सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं ई.डी. व सीबीआई का दुरुपयोग करने तथा भारतीय सेना को कमजोर करने वाली एवं भारतीय सेना में जाने के इच्छुक युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड करने वाली अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओ का सत्याग्रह का आयोजन किया जाएगा।

प्रवीण सैनी को महामंत्री बनाया

उनियारा, (निसं)। उनियारा उपखंड ककोड़ भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ककोड़ मण्डल द्वारा युवा मोर्चा मण्डल महामंत्री की जिम्मेदारी प्रवीण सैनी अजमेरा को दी गई। जिस पर पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा, पूर्व विधायक देवली उनियारा, राजेंद्र गुर्जर, जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, मण्डल अध्यक्ष महावीर गुर्जर, मण्डल महामंत्री रामकिशोर युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष आशाराम नागर, मण्डल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने प्रवीण अजमेरा को नियुक्त करने पर बधाई शुभकामना दी।

'अग्निपथ' का समर्थन किया

बहरोड़/नीमराना, (निसं)। राठ क्षेत्र के सोशल मीडिया पर बहरोड़ के गंडाला गांव की महिला सामाजिक कार्यकर्ता व भाजपा समर्थित इंदु यादव ने केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना का समर्थन करते हुए क्षेत्रीय नेताओं पर तो तंज कसा साथ ही योजना के खिलाफ षड्यंत्र करने वालों के खिलाफ आवाज उठाते हुए बड़ा बयान दिया। यादव ने कहा कि भाजपा की कार्यकर्ता होने के नाते उसकी निष्ठा, आदर्श और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं और वह उनकी इस दूरदर्शी , देश हितेशी योजना 'अग्निपथ' का समर्थन करती हैं।

चिकित्सा मंत्री के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन आज

लालसोट, (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा उपखंड मुख्यालय पर अग्निवीर सेना भर्ती योजना के विरोध में लालसोट पंचायत समिति परिसर में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रदर्शन किया जाएगा। प्रवक्ता एडवोकेट सुदीप मिश्र ने बताया कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांदसेन व लालसोट के नेतृत्व में आज सोमवार 27 जून को केंद्र सरकार द्वारा अग्निवीर सेना भर्ती के विरोध में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल जी मीणा के नेतृत्व में धरना दिया जाएगा।

हनुमान मंदिर परिसर में पौधारोपण किया

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नारेहडा के हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को ग्रामीणों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान 21 फलदार व छायादार पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाये गये। पौधारोपण में सुरेश चंद, रमेश चंद, सुरजन मीणा, कैलाश गुरुजी, रमाकांत मीणा, संजय संतोष, जितेंद्र मीणा, बलवीर, रामभगत शर्मा, अजय बडगूजर, हंसराज मीणा, मोहित, सुमंत, लीलाराम, लालाराम मीणा सहित अन्य ग्रामीणों ने सहयोग किया।

दिनदहाड़े मकान के ताले तोड़ आभूषण व नगदी की पार

मालपुरा, (निसं)। मालपुरा शहर से सटी बृजलाल नगर ग्राम पंचायत की जैन मंदिर के पास आवासीय कॉलोनी में बिना नम्बर की बाइक से दो युवकों ने रैकी कर दिनदहाड़े सूने मकान के ताले तोड़ महज 10 मिनट में 5 लाख रुपये से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण व नगदी चुरा ले गये।

- बिना नम्बर की बाइक से रैकी कर वारदात को दिया अंजाम
- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

मामले के अनुसार पीड़ित मकान मालिक अभिषेक जैन टोरडी वाले ने बताया कि शनिवार की शाम वो अपने परिवारजनों के साथ जयसिंहपुरा बालाजी के दर्शनों के लिए गये हुए थे। दर्शन कर रात साढे नौ बजे घर लौटे थे। मकान के ताले टूटे तथा कमरे में बिखरा सामान देख होश उड़ गये। तत्काल मकान के चारों और लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देख थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थानाधिकारी कैलाश विश्नोई व पुलिस टीम ने वारदात स्थल की फोटोग्राफी कर सीसीटीवी फुटेज देखे तो दो युवक बिना नम्बर की बाईक पर मकान के बाहर लगभग आधा घंटे से बार-बार गली में चक्कर लगा रैकी कर रहे थे। दोनों बाईक सवार युवक मकान के गेट के सामने बाइक रोक एक युवक पीछे से दीवार फांद मकान में घुस गया तथा मैन गेट के ताले तोड़ अलमारी में रखे सोने का मंगलसूत्र, सोने की चैन, कानों की झूमर, कनोतियां, टॉप्स की चार जोडी, 6 अंगुठी, 2 लोंग, सोने की बाली तथा चादी के कड़े 2 जोडी, 1 जोडी बच्चे के चांदी के कड़े, पायजेब की 3 जोड़ी, बिछिया की 4 जोड़ी, चांदी की अंगुठी सहित अलमारी में रखे 48 हजार रूपये नगद चुरा ले जाना सामने आया।

भाजपा नगर परिषद के पार्षदों की बैठक

टोंक, (निसं)। नगर परिषद के पार्षदों की बैठक सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराणा की अध्यक्षता में सांसद कार्यालय पर आयोजित हुई।

बैठक में नगर परिषद में हो रहे भ्रष्टाचार, पट्टे बनाने में धांधली, काफी समय से बोर्ड की मीटिंग नहीं हुई, जिससे विकास कार्य रुका होना, जहां थोडा सा विकास कार्य हो रहा है वहां पर भेदभाव करना, शहर में अवैध पशु मंडी संचालित, शहर में रोशनी व लाइटों का अभाव, शहर में सफाई की सही व्यवस्था नहीं होना, सरकारी पैसे का दुरुपयोग सहित अन्य मुद्दों पर बातचीत हुई। बैठक में तय हुआ कि आगामी दिनों में भारतीय जनता पार्टी सभी मुद्दों को लेकर आंदोलन करेगी। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश माहुर, नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मी जैन, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, जिला उपाध्यक्ष बेनी प्रसाद जैन, मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, पार्षद रामचरण साहू, मुकेश कश्यप, बादल साहू, मनीष सिसोदिया, सोहन मीणा, सौरभ सोनी, कालू बागडी, अजय सैनी, रसीद नददाफी, मुकेश सैनी आदि पार्षद मौजूद रहे।

माली-सैनी समाज के अधिवेशन में सामाजिक बिंदुओं पर मंथन किया

लालसोट, (निसं)। दौसा जिला माली सैनी समाज कार्यकारिणी का प्रथम अधिवेशन रविवार को रुकमणी पैलेस लालसोट में आयोजित हुआ।

माली सैनी समाज के बड़े पैमाने पर आयोजित हुए इस अधिवेशन के माध्यम से माली सैनी समाज के प्रमुख लोगों द्वारा समाज बंधुओं की मौजूदगी में अधिवेशन के दौरान सामाजिक बिंदुओं पर मंथन किया। पहली बार आयोजित अधिवेशन में दौसा जिले के प्रत्येक सातों ब्लॉक से जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य, तहसील अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी, सैनी समाज के चल रहे विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, आसपास के क्षेत्रों जयपुर, सवाई माधोपुर, अलवर, टोंक, करौली, सीकर, एवं विभिन्न जिलों के माली सैनी समाज के जिला अध्यक्ष आदि समाज के लोगों द्वारा बढ चढकर भाग लिया।

इसमें विशेष तौर पर शिक्षा के लिए चेतना, सामाजिक शैक्षिक आर्थिक क्षेत्र में समाज के उत्थान की में विचार विमर्श, सामाजिक कुरीतियों का उन्मूलन, समाज में विभिन्न मांगों के संबंध में चर्चा कर समाज उत्थान को लेकर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में हीरालाल सैनी जिला प्रमुख दौसा, अध्यक्षता गिर्राज प्रसाद सैनी कछला एवं अति विशिष्ट अतिथियों में आलोक सैनी विशेष अधिकारी श्रम विभाग शासन सचिवालय जयपुर, दिलीप कुमार सैनी आरपीएस सतर्कता, ओमकार मल सैनी रजिस्ट्रार आरयूएचएस अशोक कुमार सैनी बांदीकुई अलका सैन कैलाश सैनी आदि प्रशासनिक अधिकारी सहित भवानी शंकर माली सदस्य राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नित प्राधिकरण, छुट्टन लाल सैनी प्रदेश अध्यक्ष माली महासभा राजस्थान, अनुभव चंदेल, महेश सैनी आईएएस, सुरेश सैनी एनएचएआई आदि उपस्थित रहे।

मंदिर में पूजा-अर्चना के विवाद को लेकर सोते पुजारी पर हमला

नारायणपुर, (निसं)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुण्डावरा में स्थित शीतल नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना को लेकर नाथ समुदाय के दो पक्षों में चल रहे विवाद में रविवार को सुबह दूसरे पक्ष ने मंदिर में सोते हुए पुजारी पर हमला कर दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मुण्डावरा के शीतल नाथ मंदिर जिसमें पूजा-अर्चना को लेकर कई वर्षों से कोर्ट में मामला विचाराधीन है। एक पक्ष मंदिर में पूजा अर्चना करते आ रहा था। वहीं दूसरा पक्ष ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर रखी है। इसको लेकर रविवार सुबह 5 बजे सोते हुए पुजारी पर दूसरे पक्ष के लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे पुजारी सुरज्ञानी (40) पुत्र हनुमान नाथ योगी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल पुजारी ने बताया कि करीब आधा दर्जन लोगों ने सुबह 5 बजे धारदार हथियारों से हमला कर दिया। सूचना पर आसपास के लोग

नारायणपुर में मंदिर विवाद में पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच की ।

घायल पुजारी को नारायणपुर अस्पताल लेकर आये, जहां चिकित्सकों ने पुजारी की गंभीर हालत होने पर अलवर रैफर कर दिया है। इस मामले में पीड़ित के पिता हनुमान नाथ योगी ने नामजद 6 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में नारायणपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गांव मानावास निवासी जयराम पुत्र सोन्या राम जाति गुर्जर, बोदुराम पुत्र गणपत जाति जोगी, धनेश पुत्र हनुमान नाथ जाति जोगी आदि को गिरफ्तार किया है।

किसान महा पंचायत 3 को

निवाई, (निसं)। गांव वजीराबाद में 3 जुलाई को किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। युवा किसान महापंचायत के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी ने बताया कि महा पंचायत द्वारा 1 जून से किसानों की मांगों को लेकर आन्दोलन शुरू हो चुका है।

निवाई तहसील के किसानों के साथ किसान महापंचायत 3 जुलाई को गांव वजीराबाद में 11 बजे शुरू होगी। उन्होंने बताया कि किसानों की मांगों में ईसरदा बांध से टोंक, निवाई, पीपलू तहसील के गांवों के खेतों को सिंचाई की सुविधा, बीसलपुर बांध से टोरडी सागर, घारेडा, चांदसेन आदि बांधों में पानी डालने, गौ संरक्षण व खेतों में फसल की सुरक्षा के लिए गौ अभ्यारण्य बनाने, बीसलपुर से सिंचित जमीन को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने, सेवारामपुरा के किसानों की अवाप्त की गई जमीन को अवाप्त मुक्त कर वापस किसानों को देने की मांगें शामिल है।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार नेशनल हाईवे का असिंचित का मुआवजा दिया गया जबकि जमीन बीसलपुर सिंचाई परियोजना से सिंचित थी,उसका मुआवजा दुबारा दिया जाये।

विधायक के प्रयासों से विराटनगर को मिले सबसे अधिक चिकित्सक

पावटा, (निसं)। विधायक इंद्राज गुर्जर की अनुसंशा पर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके इसके लिए विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सबसे अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों को लगाया गया है।

उनकी मांग पर प्रशासनिक अति आवश्यकता को देखते हुए संयुक्त शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य(ग्रुप-2) विभाग एवं पंचायती राज (चिकित्सा) विभाग निमिषा गुप्ता, शासन सहायक सचिव दीपक सोनी ने चिकित्सकों के स्थानांतरण आदेश जारी किय।

जिनमें डॉ. प्रमोद कुमार गुर्जर चिकित्सा अधिकारी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजनौता से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदपुरा धाबाई, विराटनगर डॉ. रूप सिंह रावत चिकित्सा अधिकारी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीलवाडी विराटनगर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजनौता, डॉ. श्रीराम गुर्जर चिकित्सा अधिकारी को सीएससी विराटनगर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लुहाकाना खुर्द विराटनगर, डॉ. संतोष कुमार स्वामी चिकित्सा अधिकारी को जिला अस्पताल अलवर से सीएससी आतेला विराटनगर, डॉक्टर अनुराधा भारद्वाज चिकित्सा अधिकारी को पीजी उपरांत पदस्थापन जिला अस्पताल धौलपुर में स्थानांतरणधीन सीएससी पावटा विराटनगर, डॉ. सत्यनारायण स्वामी चिकित्सा अधिकारी को जिला चिकित्सालय किशनगढ अजमेर से सीएससी आतेला विराटनगर, डॉ. गोकुलचंद जाट चिकित्सा अधिकारी शिशु रोग को सीएससी बानसूर अलवर से सीएससी आतेला विराटनगर, डॉ. सचिन कुमार शर्मा चिकित्सा अधिकारी पीएससी प्रागपुरा विराटनगर से सीएससी मेड विराट नगर, डॉ. धर्मपाल चिकित्सा अधिकारी सीएससी बेडा पाली से सीएससी मेड विराटनगर, डॉ संजय मल्होत्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमारी सरेठा उदयपुर से सीएससी विराटनगर, डॉ. दयाराम जाट चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेड से सीएससी विराटनगर, डॉ. राजेश कुमार एमडी (निश्चेतन) जिला चिकित्सालय शाहपुरा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा, डॉ. सुधीर सिंह चिकित्सा अधिकारी (गायनिक) सीएससी गोविंदगढ अलवर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आतेला, डॉ. राजवीर सिंह चिकित्सा अधिकारी (मेडिसिन) सीएससी विजयनगर अजमेर से सीएससी पावटा, डॉ.कृष्ण सिंह शेखावत चिकित्सा अधिकारी सीएससी पावटा से पीएससी बिलवाडी विराटनगर, डॉ. विकास शर्मा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी पीजी उपरांत पदस्थापन जिला अस्पताल प्रतापगढ से सीएससी आतेला विराटनगर, डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा कनिष्ठ विशेषज्ञ (निश्चेतन) सीएससी उनियारा टोंक से सीएससी मेड विराटनगर, डॉ. मुकेश कुमार शर्मा चिकित्सा अधिकारी निदेशालय अधिशेष से पीएससी तेवडी विराटनगर, डॉ. मधु अरोडा चिकित्सा अधिकारी सीएससी पावटा विराटनगर, डॉ आशीष पन्नू चिकित्सा अधिकारी सीएससी आतेला विराटनगर, डॉ. ईवा शर्मा चिकित्सा अधिकारी सीएससी मेड विराटनगर लगाया है।

बालिका आवासीय विद्यालय का दौरा किया

किशनगढ़ बास, (निसं)। मेवात विकास बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान ने क्षेत्रीय विधायक दीपचंद खेरिया, प्रधान बद्री प्रसाद सुमन के साथ मेवात के गांव बाघोडा में मेवात बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा और स्टाफ ग्रामीणों व बच्चों से आवासीय विद्यालय के बारे में जानकारी ली और ग्रामीणों व बच्चों की मांग पर विद्यालय को कक्षा 12 तक शिक्षिकाओं के रिक्त पद भरे जाने आदि व्यवस्थाओं में सुधार कराने का भरोसा दिया। विधायक दीपचंद खैरिया के मीडिया प्रभारी सुनील कांत गोल्डी ने बताया कि रविवार को मेवात विकास बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान ने मेवात के गांव बाघोडा में संचालित मेवात आवासीय बालिका विद्यालय व बंबोरा घाटा स्थित सदभावना भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक दीपचंद खैरिया प्रधान बद्री प्रसाद सुमन जिला पार्षद सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। निरीक्षण के लिए पहुंचे जनप्रतिनिधियों का सरपंच व ग्रामीणों की ओर से स्वागत किया गया।

38 अनाथ वधुओं सहित 51 वर-वधू का नि:शुल्क निकाह सम्पन्न

टोंक, (निसं)। ईसा फाउंडेशन गुजरात की ओर से सेयद फारुक अली अकेडमी में 51 जोड़ों का पहला निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन रविवार को हुआ।

ईसा फाउंडेशन इंडिया के चेयर हबीब अहमद ने बताया कि टोंक में यह हमारा पहला निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन है जिसमें हमने 51 जोड़ों का निकाह करवाया है, जिसमें 38 अनाथ वधुओं ओर दोनों पैर से विकालांग जोड़े का भी निकाह करवाया गया। विदाई के समय वर-वधू को घर-गरहसती के सभी समान उपहार में दिए गए हैं साथ ही वर-वधू को आशीर्वाद के रूप में टोंक के बडे आलिम हजरत मोलना मुहम्मद सईद साहब, हजरत मोलना मुहम्मद आमिर नदवी खान साहब,अतीकुर रहमान कुरेशी सेकेटरी जमीयत ओलमा गुजरात,मुहम्मद आरिफ उस्ताद जामिया फेजनुल कुरआन गुजरात, सेयद इमादुद्दीन अहमद ने अपनी दुआओं से नवाजा मंच का संचालन समाज सेवी खुर्शीद अनवर ओर शहजाद कायमखनी ने किया कार्यक्रम मुफ्ती आदिल के जेरे निगरानी में हुआ।

इस अवसर पर हबीब अहमद ने एलान किया कि जनवरी माह में 500 जोड़ों का निकाह निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में करवाया जाएगा। साथ ही टोंक मे जमीन उपलब्ध करवाने पर ईसा फाउंडेशन गुजरात की ओर से एक विशाल अस्पताल भी बनवाया जाएगा और विधवाओं के लिए रोजगार की स्थाई व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम मं पार्षद अकील अहमद, पार्षद अख्तर , पूर्व पार्षद शकील भाई मुजाहिद भाई,अकरम, काजी इज्जत अली, हनीफ सहारा, मुहम्मद इब्राहीम,एडवोकेट रईस अहमद, जाकिर सना, सहित गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

ईसा फाउंडेशन गुजरात की ओर से सेयद फारुक अली अकेडमी में 51 जोडों का पहला निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम।

- ईसा फाउंडेशन गुजरात की ओर से पहला निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ

जवान हुंकार महारैली में कसाना के नेतृत्व में जायेंगे युवा

